Daily Current Affairs 17 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 15 नंवबर को मनाया गया झारखंड का स्थापना दिवस
• प्रतिवर्ष 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस साल राज्य अपना 21वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। 15 नंवबर, 2000 को भारत संघ के 28वें राज्य के रूप में झारखंड का निर्माण हुआ। झारखंड राज्य आदिवासियों की गृहभूमि है। झारखंड में मुख्य रूप से छोटा नागपुर पठार और संथाल परगना के वन क्षेत्र शामिल हैं।
• यहाँ की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक परंपराएँ हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात 'झारखंड मुक्ति मोर्चा' ने नियमित रूप से आंदोलन किया, जिस कारण सरकार ने वर्ष 1995 में 'झारखंड क्षेत्र परिषद' की स्थापना की और इसके पश्चात् यह राज्य पूर्णत: अस्तित्त्व में आया।

2. भारत द्वारा COP27 में शुरू किया गया 'इन अवर लाइफटाइम' अभियान
• 14 नवंबर, 2022 को भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने संयुक्त रूप से मिस्र में COP27 के एक कार्यक्रम में 'इन अवर लाइफटाइम' अभियान शुरू किया। अभियान का उद्देश्य 18 से 23 वर्ष के बीच के युवाओं को स्थायी जीवन शैली के संदेश वाहक बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। 1 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में COP26 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा LiFE की अवधारणा पेश की गई थी।

3. एम.सी. मैरीकॉम, पी.वी. सिंधु समेत 10 भारतीय खिलाड़ी भारतीय ओलंपिक संघ एथलीट आयोग में हुए शामिल
• 14 नवंबर, 2022 को ओलंपिक पदक विजेता एम.सी. मैरीकॉम, पी.वी. सिंधु, मीराबाई चानू और गगन नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में चुने गए 10 प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में शामिल हैं।
• शीर्ष निकाय के अन्य सात सदस्य हैं - टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू, 2012 ओलंपिक कांस्य विजेता निशानेबाज गगन नारंग, अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरथ कमल, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, साइकिल चालक भवानी देवी, रोवर बजरंग लाल और पूर्व शॉट पुटर ओपी करहाना। शीर्ष निकाय के सभी 10 निर्वाचित सदस्यों में पांच पुरुष और पांच महिलाएं, चुनाव में निर्विरोध चुनी गईं।

4. श्रीलंका अंडर-19 पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 की मेजबानी करेगा
• 13 नवंबर 2022 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट शासी निकाय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 2024 और 2027 के बीच अंडर-19 आयोजनों के लिए मेजबान देशों की घोषणा की। 12 नवंबर, 2022 को मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) में आईसीसी की बोर्ड बैठक आयोजित होने के बाद मेजबान के नाम की घोषणा की गई। आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 की मेजबानी श्रीलंका द्वारा की जाएगी जबकि 2026 संस्करण का आयोजन जिम्बाब्वे और नामीबिया में किया जाएगा।

5. हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव
• 19 नवंबर से 06 दिसंबर, 2022 तक हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 'अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गीता से संबंधित इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करेंगी और इसमें हिस्सा भी लेंगी। इसके बाद इसी दिन वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का भी शुभारंभ करेंगी। इस तीन दिवसीय संगोष्ठी के दौरान श्रीमद्भगवदगीता के प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय विद्वान हिस्सा लेंगे।

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 17 November 2022

6. भारतीय मूल के अमर सिंह ने जीता ऑस्ट्रेलियन ऑफ़ द ईयर अवार्ड 2023
• भारतीय मूल के सिख स्वयंसेवक अमर सिंह को तीन अन्य लोगों के साथ प्रतिष्ठित 2023 न्यू साउथ वेल्स ऑस्ट्रेलियन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। अमर सिंह को बाढ़, जंगल की आग, सूखे और महामारी के दौरान समुदाय का समर्थन करने के लिए सम्मानित किया गया है। न्यू साउथ वेल्स सरकार ने अमर सिंह को 'स्थानीय नायक' श्रेणी में घोषित किया। देश का राष्ट्रीय पुरस्कार समुदाय के सदस्यों की उपलब्धियों का सम्मान करता है और साथ ही ऑस्ट्रेलिया राष्ट्र की सेवा के महत्व पर भी जोर देता है।

7. इंडोनेशिया के बाली में शुरू हुआ जी20 शिखर सम्मेलन
• 15-16 नवंबर, 2022 को इंडोनेशिया के बाली में 17वाँ G20 राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में कोविड-19 वैश्विक महामारी और यूक्रेन पर रूस के हमले से उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा की जा रही है। शिखर सम्मेलन के आधिकारिक तौर पर शुरू होने से पहले इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। इंडोनेशिया जी20 समूह का वर्तमान अध्यक्ष है। भारत 01 दिसंबर, 2022 से औपचारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता संभालेगा।

8. नताशा मुसर स्लोवेनिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गईं
• 13 नवंबर, 2022 को नतासा पिरक मुसर स्लोवेनिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई है। पिरक मुसर ने लगभग 54 प्रतिशत मत प्राप्त किए, जबकि लोगर को लगभग 46 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। उन्होंने पूर्व विदेश मंत्री और रूढ़िवादी राजनीति के दिग्गज एंज लोगर को हराया। एक वकील के रूप में पिर्क मुसर ने स्लोवेनिया में कॉपीराइट और अन्य मामलों में पूर्व अमेरिकी प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने मानवाधिकारों, कानून के शासन और सामाजिक कल्याण के मुद्दों पर अभियान चलाया।

9. एक ट्रिलियन डॉलर गंवाने वाली दुनिया की पहली सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी बनीं अमेजन
• जेफ बेजोस की कंपनी अमेजन एक ट्रिलियन डॉलर खोने वाली दुनिया की पहली सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी बन गई है। अमेरिका में मंदी की आशंका, बढ़ती मुद्रास्फीति, सख्त मौद्रिक नीतियों और और निराशाजनक कमाई के संयोजन ने इस साल कंपनी के शेयरों में ऐतिहासिक बिकवाली शुरू कर दी है, जिसके कारण कंपनी के बाजार पूंजीकरण में एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा गिरावट आया है।

10. भारत-अमेरिका संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2022' उत्तराखंड में हुआ शुरू
• 14 नवंबर, 2022 को भारत-अमेरिका संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2022' का 18वां संस्करण उत्तराखंड में शुरू हुआ है। 'युद्धाभ्यास' पूर्वी लद्दाख में सीमा पर भारत और चीन के बीच 30 महीने से जारी गतिरोध के बीच शुरू हुआ है। दोनों देशों की सेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं, रणनीति, तकनीकों और प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से भारत और अमेरिका के बीच 'अभ्यास युद्ध' प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

Resultuniraj.co.in